हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 27.? डिग्री

11 मेजबान डीपीएस स्कूल ने भाषण स्पर्धा में मारी बाजी



12 सात बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा से भेजा अयोध्या



### बाजार बंद, चौकी के सामने रोड जाम, प्रदर्शन किया

# विवाद के बाद पुलिस ने 12 क्वार्टर चौकी की खाली, लोगों का हंगामा

- चौकी नहीं उठाने देंगी, गुंडे लोग जीना मुहाल कर देंगे : महिलाएं
- विरोध के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने चौकी शिफ्ट नहीं करने का दिया लोगों को आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर की 12 क्वार्टर चौकी को खाली किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने जमकर बवाल काटा। क्षेत्रवासियों ने चौकी शिफ्ट करने का विरोध करते हुए धरना दे दिया और दुकानें बंद करके रोष जताया।

क्षेत्रवासियों ने 12 क्वार्टर रोड जाम कर दिया। भारी विरोध की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने क्षेत्रवासियों को समझाने का प्रयास किया और कहा कि चौकी में जगह कम होने के कारण शिफ्ट किया जा रहा है। क्षेत्रवासी पुलिस अधिकारियों के इस तर्क को सुनने के बाद भी नहीं माने और नारेबाजी करते रहे। बाद में पुलिस अधिकारियों ने चौकी शिफ्ट नहीं करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधिकारियों के निर्देशों पर 12 क्वार्टर चौकी को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके तहत पुलिस कर्मचारी चौकी का सामान निकालकर दूसरी जगह ले जाने लगे। काफी सामान गाड़ी में भरकर शिफ्ट भी कर दिया गया। इस बीच क्षेत्रवासियों को यह सूचना मिली तो वे विरोध करने लगे और मौके पर पहुंच गए। दुकारदारों ने 12 क्वार्टर रोड बाजार बंद कर दिया। महिलाएं चौकी के गेट पर बैठ गई और कहने लगी कि वे चौकी नहीं उठाने देंगी, गुंडे लोग उनका जीना मुहाल कर देंगे, दिनदहाड़े घटनाएं होंगी। ऐसा कहते हुए महिलाओं व क्षेत्रवासियों ने जमकर विरोध किया और कहा कि वे किसी कीमत पर चौकी को शिफ्ट नहीं करने देंगे। इसके बाद पूर्व मेयर गौतम सरदाना व अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे। गौतम सरदाना ने पुलिस अधिकारियों से भी बात की और चौकी को शिफ्ट न करने की मांग की। लोगों के विरोध को देखते हुए फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने चौकी शिफ्ट करने का अपना निर्णय वापिस ले लिया। ऐसी चर्चा है कि 12 क्वार्टर चौकी को शिफ्ट करने के मामला को गत 7 जुलाई को डीजे विवाद के साथ जोड़ा जा रहा है। डीजे बंद कराने गई पुलिस व युवकों की बीच झड़प के दौरान छत से गिरकर एक युवक गणेश की मौत हो गई थी और एक युवक आकाश घायल हो गया था।







हिसार। 12 क्वार्टर चौकी के सामने धरने पर बैठी महिलाएं तथा चौकी शिफ्ट करने के विरोध में जाम लगाते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि





हिसार। 12 क्वार्टर चौकी शिफ्ट करने के विरोध में बाजार बंद। फोटो : हरिभूमि

### सुबह पुलिस निर्दोष, शाम को दोषी

गणेश मौत प्रकरण को लेकर शुक्रवार को दिनभर चर्चा चलती रही कि गुरुवार की सुबह हिसार मंडल के एडीजीपी केके राव प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पुलिस का बचाव करते है और स्पष्ट कहते है कि गणेश मौत मामले में पुलिस की कोई गलती नहीं है और भविष्य में भी अगर कोई गुस्ताखी करेगा पुलिस सख्ती से पेश आएगी। लेकिन शाम होते-होते गणेश मौत प्रकरण में नागरिक अस्पताल में लंबे समय से चल रहे धरने के सामने सरकार झुकी जाती है और पुलिस पर केस दर्ज करने समेत पांच मांगे मानकर मृतक गणेश के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मना लेती है। हालांकि एफआईआर अभी अज्ञात पर की गई।

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाना क्षेत्राधिकार में परिवर्तन

जिला पुलिस में प्रशासनिक दक्षता, त्वरित पुलिस सहायता और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्राधिकार में आंशिक परिवर्तन किया गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के बताया कि गांव सातरोड खुर्द, सेक्टर 27-28, तथा औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रीयल एरिया) को अब थाना सदर से हटाकर थाना अर्बन एस्टेट में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन का उद्देश्य संबंधित क्षेत्रों में पुलिस उपस्थिति को मजबूत करना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना तथा नागरिकों को शीघ्र और सुगम पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गांव सातरोड खुर्द, सेक्टर 27-28, तथा औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रीयल एरिया) के नागरिक थाना अर्बन एस्टेट से सीधे संपर्क कर सकते हैं तथा किसी भी शिकायत या सहायता के लिए संबंधित थाने से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। हिसार पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है और बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



शशांक कुमार सावन, एसपी।

## खबर संक्षेप



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### 26 पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा चन्द्रलोक कॉलोनी, अमरदीप कॉलोनी और पुलिस लाईन एरिये के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 26 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### चोरी का सामान खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाल्मिकी बस्ती निवासी दीपक के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एसआई रामलाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने कुछ दिन पहले डेहा बस्ती निवासी शाका से चोरी की बैटरी खरीदी थी। पुलिस ने जांच के आधार कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरी को बरामद कर कब्जा पुलिस में ली गई है।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को 19,700 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान हनुमान कालोनी निवासी सागर के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ में तैनात मुख्य सिपाही को सूचना मिली थी कि राजकीय महाविद्यालय के समीप एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है।सूचना पर सीआईए की टीम ने मौका पर पहुंच हनुमान कॉलोनी निवासी अमित उर्फ को 19,700 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपयों को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### जिला पार्षद सेलवाल ने छह वाटर कूलर भेंट किए

**उकलाना मंडी।** जिला पार्षद विकास सेलवाल ने जिला परिषद की ओर से हलका उकलाना में विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठानों को आधा दर्जन वाटर कूलर भेंट किए हैं। ये वाटर कूलर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेवाला, बिजली घर बिठमड़ा, जनता स्कूल (सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल) उकलाना सिटी, आरोही स्कूल मुगलपुरा व गांव शंकरपुर के पुस्तकालय एवं डॉ. अंबेडकर भवन सुरेवाला में स्थापित कर दिए गए हैं।

### टाटा लैब की ओर से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आज

**हिसार।** टाटा वनएमजी लैब की ओर से सेक्टर 16 में स्थित मॉडर्न पार्क में 19 जुलाई को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड तथा कैल्शियम की फ्री जांच की जाएगी। टाटा वनएमजी लैब के संचालक परमवीर नोलिया ने बताया कि शिविर का आयोजन प्रदेश में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया बीमारी को देखते हुए किया गया है। मौसम परिवर्तन के चलते अनेक बीमारी पांव फैला रही है जिनसे बचाव के लिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाना जरूरी है। कैंप प्रत्येक शनिवार व रविवार सैक्टर 13 स्थित लैब में भी लगाया जा रहा है।



हिसार। सहमति बनने के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# दलित युवक गणेश का 11वें दिन हुआ अंतिम संस्कार

- मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचे, परिजनों और कमेटी को एफआईआर की कॉपी सौंपकर दिया न्याय दिलाने का भरोसा
- हत्या, एससीएसटी, यौन उत्पीड़न समेत अलग-अलग धाराओं में अज्ञात पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के 12 क्वार्टर क्षेत्र में 10 दिन पूर्व डीजे पर विवाद में हुई दलित युवक गणेश की मौत के 11वें दिन शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। गुरुवार देर रात सरकार से हुई वार्ता में मांगे माने जाने के बाद पीड़ित परिवार व कमेटी ने युवक के अंतिम संस्कार का निर्णय लिया। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी सहित अनेक लोग शामिल हुए।

लगभग 11 दिन पूर्व 7 जुलाई की रात को जन्मदिन पार्टी में डीजे बजाने व बंद कराने के मामले में हुए विवाद में दलित युवक गणेश की मौत हो गई थी जबकि एक युवक घायल हो गया था। मृतक के परिजन व समाज के लोगों का कहना था पुलिस कर्मियों द्वारा धक्का दिए जाने की वजह से युवक की मौत हुई है। इसी के चलते परिजन व समाज के लोग पिछले 10 दिनों से नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे थे। गुरुवार देर रात मंत्री कृष्ण बंदी व बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के प्रयासों से सरकार के साथ हुई वार्ता के बाद सरकार ने परिजनों की मांग मान ली।

इसमें 11 दिन बाद हरियाणा सरकार झुकी और पीड़ित परिवार और समाज की कमेटी से मुलाकात करके उनकी मांगे मानी। बैठक में कमेटी ने पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने समेत 5 मांगें रखीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद मंत्री कृष्ण बेदी हिसार के नागरिक अस्पताल पहुंचे और परिवार को अपने हाथों से एफआईआर की कॉपी सौंपी।

एफआईआर मिलने के बाद परिवार और समाज ने धरना समाप्त किया और मृतक गणेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के परिजनों को सौंपी एफआईआर में हत्या, एससीएसटी, यौन उत्पीड़न समेत सात अलग-अलग धाराओं में अज्ञात पर केस दर्ज करने का जिक्र है।

### निष्पक्ष जांच होगी

मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मांगों पर सहमति बनने के बाद कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि परिवार और कमेटी की मांग पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। परिवार के एक सदस्य को किसी तरह के रोजगार देने की मांग भी मानी। इसी के चलते 11वें दिन मृतक गणेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



हिसार। समारोह में पुरस्कार प्राप्त करते जेएसएल के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## सीआईआई नेशनल एनर्जी एफिशिएंसी स्पर्धा में जेएसएल ने जीते 7 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- चार पुरस्कार जाजपुर यूनिट और तीन हिसार यूनिट को मिले

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने ऊर्जा की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और कामकाज के तौर-तरीकों में उत्कृष्टता के लिए सीआईआई नेशनल एनर्जी सर्किल प्रतियोगिता 2025 के 9वें संस्करण में कई पुरस्कार जीते।

इस समारोह में कुल सात पुरस्कार मिले, जिनमें से चार पुरस्कार जाजपुर यूनिट और तीन हिसार यूनिट को दिए गए। जिंदल स्टेनलेस की जाजपुर यूनिट को बेस्ट एनर्जी ऑर्गेनाइजेशन (स्ट्रॉंग कमिटमेंट), बेस्ट एनर्जी एफिशिएंसी डेजिग्नेटेड कंज्यूमर (बीईई पीएटी योजना के अंतर्गत) और इफैक्टिव इंप्लीमेंटेशन ऑफ आईएसओ 50001 (एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम) श्रेणियों में सर्वोच्च पुरस्कार हासिल हुआ। जाजपुर यूनिट को ऊर्जा दक्षता के प्रति अपनी मजबूत संगठनात्मक प्रतिबद्धता के लिए भी सम्मानित किया गया और यह क्रोम पेलेटाइजेशन परियोजना पर अपनी केस स्टडी के लिए प्रथम उपविजेता रही। हिसार को बेस्ट केस स्टडी ऑन लो कार्बन एंड कार्बन न्यूट्रल इनीशिएटिव और इफैक्टिव इंप्लीमेंटेशन ऑफ आईएसओ 50001 एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (स्ट्रांग कमिटमेंट) श्रेणियों में शीर्ष पुरस्कार मिला। साथ ही हिसार यूनिट ने बेस्ट एनर्जी एफिशिएंट डेजिग्नेटेड कंज्यूमर (बीईई पीएटी योजना के अंतर्गत) श्रेणी में प्रथम उपविजेता का स्थान भी प्राप्त किया।

### जिलाधीश ने हांसी में धारा 163 लागू करने के आदेश दिए

**हिसार।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत हांसी पुलिस जिला क्षेत्र में 23 जुलाई तक लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, आग्नेयास्त्र और अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने, खुले में पेट्रोल-डीजल की बोतल/कैन इत्यादि रखने तथा जिले के सार्वजनिक स्थानों पर कोई जनसभा करने और पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

- कांवड़ सेवा वाहनों पर ऊंची आवाज में डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध

पुलिस अधीक्षक हांसी से प्राप्त पत्र के आधार पर जिलाधीश अनीश यादव ने यह आदेश जारी किए है, साथ ही कांवड़ सेवा वाहनों पर ऊंची आवाज में डीजे/ लाउडस्पीकर बजाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। पुलिस अधीक्षक हांसी, नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा संबंधित थाना प्रभारी उक्त आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे।

## वाहन की चपेट में आने से कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत

- दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, जींद निवासी था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हांसी-जींद रोड स्थित शेखपुरा गांव के समीप गुरुवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

सड़क हादसे की सूचना मिलने पर शेखपुरा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल बाइक सवार को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान जींद में सफीदों गेट निवासी 37 वर्षीय महावीर के रूप में हुई है। मृतक हांसी के एक निजी स्कूल में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए शेखपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज कुलबीर सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10:30 बजे उन्हें सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल बाइक सवार को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शव की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक के परिजनों को जानकारी दी गई और शव को पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। जहां शुक्रवार को मृतक के चचेरे भाई सुरेन्द्र के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरेंद्र ने बताया कि तीन महीने पहले भी महावीर का एक्सीडेंट हुआ था। जिसमें उसे हाथ में गंभीर चोट आई थी। मृतक कम्प्यूटर ऑपरेटर के दो बच्चे हैं।



मृतक महावीर सिंह (फाइल फोटो)

## रोमांचक मुकाबले में उमरा ने धमाना की टीम को हराया

- युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए करवाई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने तथा खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हांसी पुलिस द्वारा गांव उमरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

प्रतियोगिता में उमरा सहित 6 गांवों की टीमों ने भाग लिया। नशा मुक्ति टीम के प्रभारी एएसआई दीपक कुमार ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में उमरा, मुजादपुर, सुल्तानपुर, ढंढेरी, नलवा व धमाणा की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में धमाना व सुल्तानपुर तथा दूसरे सेमीफाइनल में मुजादपुर व उमरा के बीच हुआ प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला में धमाना और उमरा गांव टीमों के बीच हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में उमरा की टीम ने धमाना गांव की टीम को 19-17 से हराकर जीत हासिल कर ली।



हांसी। कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम के साथ नशा मुक्ति अभियान पुलिस टीम इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### खेत में धान की पौध लगा रहे किसान की हार्ट अटैक से मौत

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव भकलाना में हार्ट अटैक से किसान की मौत हो गई। किसान धान की रोपाई करने गया था।

घटना के समय वह अपने पिता के साथ खेत में धान की पौध लगा रहा था। ग्रामीणों ने पीड़ति परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है।

- ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की मांग की

मिली जानकारी के अनुसार लगभग 47 वर्षीय किसान संदीप कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह शुक्रवार सुबह खेत में पिता ओमप्रकाश के साथ धान की पौध लगा रहा था। ओमप्रकाश पौध उखाड़ रहे थे और संदीप उन्हें खेत में लगा रहा था। अचानक संदीप पानी में गिर पड़ा। पिता ने उसे आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो संदीप की मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार संदीप को पहले कोई बीमारी नहीं थी।

वह अविवाहित था और पिता के साथ खेती करता था। परिवार ने तुरंत उसे हांसी के नागरिक अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बास पुलिस ने ओमप्रकाश के बयान पर इत्तेफाकिया कार्रवाई की है।

### सात भवन स्वामियों में से छह ने मौके पर ही जमा करवाया प्रॉपर्टी टैक्स

# प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों पर कार्रवाई, एक भवन सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मामले में कार्रवाई की। शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए एक भवन को सील किया वहीं 6 भवनों के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मौके पर भरवाया गया।

सचिव संजय शर्मा ने बताया कि पिछले लम्बे समय कुछ भवन स्वामी ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा करवाया था। इसको लेकर नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण के दिशा-निर्देश पर की गई। इस दौरान जेई राजकुमार, तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा, नवीन मुवाल, रजनीश, कुलदीप, गुरूचरण आदि मौजूद रहे।

बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर नगर निगम द्वारा अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते टीम 7 भवनों के स्वामी से प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी करने पहुंची। सचिव ने बताया कि 7 भवन स्वामियों में से 6 ने मौके पर ही प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया। एक भवन स्वामी ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया जो पारिजात चौक स्थित सुनील लॉज है। जिस पर लगभग 27 लाख रुपये प्रॉपर्टी बकाया था। उस पर कार्रवाई करते हुए भवन को सील किया गया। इसके साथ सचिव ने बताया कि बकाया प्रॉपर्टी टैक्स भरने वालों में रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित होटल, बगला रोड स्थित पेट्रोल पंप, जिंदल अस्पताल के सामने की दुकान, जिंदल पार्क के सामने शोरूम, गणेश नगर वर्मा ब्रदर्स और महिंद्रा एजेंसी शामिल है। सचिव ने बताया कि इन भवन स्वामियों को पहले नोटिस भेजकर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने बारे सूचित किया गया था। लेकिन नोटिस भेजने के बाद भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया।





हिसार। प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर भवन को सील करते निगम कर्मचारी।

### समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं

शहरवासी समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं, ताकि प्रॉपर्टी सीलिंग की कार्रवाई न करनी पड़े। 31 जुलाई 2025 तक सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। छूट का लाभ उठाते हुए समय पर प्रॉपर्टी टैक्स भरें। - नीरज, निगमायुक्त, नगर निगम।



एनाकोंडा सांप का वजन लगभग 300 किलो तक हो सकता है।



बिच्छू एक हफ्ते तक सांस रोककर भी जिन्दा रह सकता है।

# एजुकेशन लोन : पढ़ाई में आ रही है दिक्कतों से मुक्ति



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर कोई बिना किसी वाधा के अपनी पढाई का सफर पूरा करना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कुछ लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है क्योंकि घर की स्थिति खराब होती है और वो अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते हैं। अगर कोई भी इस तरह की स्थिति से जूझ रहा हैं तो उसे बैंक से एजुकेशन लोन मिल सकता है। अगर अभिभावक बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने में काबिल नहीं हैं और उनका सपना है कि उनका बच्चा जिंदगी में बढ़े लेवल पर काम करे तो वह स्टूडेंट स्कालरशिप कि साथ साथ स्टूडेंट लोन भी ले सकते हैं।

## क्या है एजुकेशन लोन

अपनी एजुकेशन पर किसी बैंक संस्थान से लिया गया पैसा या उच्च स्तर की शिक्षा के लिए लोन लेने को एजुकेशन लोन या फिर स्टूडेंट लोन का नाम दिया जाता है। इस लोन को छात्र खुद या उसके अभिवावक प्राप्त कर सकते हैं और अपने बच्चे को आगे की पढाई बिना किसी रूकावट के करा सकते हैं। इसी के साथ छात्र का सपना अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना है तो वह बैंक की शर्तों के आधार पर लोन प्राप्त कर सकता है।

### कैसे लें लोन

शिक्षा ऋण लेने से पहले आपको इसके टर्म और कंडीशन को अच्छे से समझना होगा ताकि बाद में पैसा वापस करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन यह भी सही है कि शिक्षा ऋण में आपको दूसरे ऋणों के मुकाबले काफी कम ब्याज और ज्यादा समय भी मिलता है। इसके लिए आपको सही बैंक को चुनना जरुरी है और उनसे उनकी शर्तों को पता कर लें। अगर आप बाद में लोन की राशि लुटाने में सक्षम हो तो आप एक गारंटर को साथ लेकर बैंक के सारे रूल मानते हुए लोन ले सकते हैं। लोन की पूरी पर्किर्या पास होने पर जब आप और बैंक बिल्कुल निश्चिंत हो जाएं तो आपको लोन का पैसा दे दिया जाता है। जिसकी मदद से आप आसानी से अपनी उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर पाएंगे।

## कितने प्रकार का होता है लोन

**पेरेंट्स लोन** :- यह लोन स्टूडेंट के मां-बाप को दिया जाता है, जिनकी वित्तीय क्षमता बच्चों को उच्च सत्तर की शिक्षा देने में सही नहीं होती। यह पैरेंट लोन लेकर वह अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं।

**अंडर ग्रेजुएट लोन** :- यह लोन उन स्टूडेंट्स के लिए होता है जो अपनी स्कूल की पढाई पूरी करने के बाद स्नातक करना चाहते हैं और वह ग्रेजुएशन चाहे भारत में या विदेश में करनी हो उनको लोन मिल जाता है और लोन की मदद से छात्र आसानी से अपनी ग्रेजुएशन कर पता है।

**प्रोफेशनल ग्रेजुएट लोन** :- इसका मतलब जो छात्र स्नातक पूरा कर चुके हैं और आगे की पढाई करना चाहते हैं , तो उनको यह लोन दिया जाता है।

**करियर एजुकेशन लोन** :- किसी खास क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले यह लोन ले सकते हैं। जैसे कि अगर कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो वह मेडिकल करियर के लिए लोन पास करवा सकता है।

इन सभी में से आपको किसी भी प्रकार का लोन चाहिए तो आप अपने नजदीकी बैंक से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लोन के प्रोसेस के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## डाक्यूमेंट और जरूरत पर करता निर्भर

### कितना लोन मिलता

एजुकेशन लोन की राशि आपके पढाई के डाक्यूमेंट्स और आपकी जरूरत पर निर्भर करती हैं। आपको 50,000 से लेकर 4 लाख रूपए तक का स्टूडेंट लोन आसानी से मिल जाता है जो आप बिना किसी गारंटी के ले पाएंगे। अगर आप 10वीं पास यानी कि 10वीं के सर्टीफिकेट पर लोन लेना चाहते हो तो आपको 50,000 से लेकर 1,50,000 रूपए तक लोन मिल जाता है।

### क्या कागजात चाहिए

स्टूडेंट को अपनी एजुकेशन पर लोन लेने के कुछ जरुरी कागजातों की जरुरत पड़ेगी, एजुकेशन लोन कागजात के लिए निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।

योग्यता प्रमाण पत्र, कोर्स की जानकारी
आयु दस्तावेज , निवास पता
पहचान पत्र , बैंक की पासबुक
पासपोर्ट साइज फोटो

### प्रोसेस

आपको किसी बैंक या संस्था से लोन लेने के लिए पुरे प्रोसीजर को फॉलो करना होता है ताकि आपको जल्दी और ठीक तरीके से लोन का पैसा मिल सके। यह है लोन प्रोसेस।

- सबसे पहले बैंक का निर्धारण कर बैंक से संपर्क करें।
- बैंक अधिकारीयों से स्टूडेंट लोन के बारे में पता करें और उनके द्वारा दिए गए फॉर्म को ठीक से भरें।
- अब बैंक आपसे जो भी जरुरी कागजात मांगती है वह उपलब्ध करवाएं।
- बैंक वाले आपसे जो जानकारी पूछे उसे सही से बताएं और उनकी शर्तें भी पता करें।
- अगर अपने फॉर्म के साथ डॉक्यूमेंट भी जमा करा दिए हैं तो बैंक के जवाब का इंतजार करें।
- बैंकों की अपनी एक प्रोसेस होती है लोन को पास करने की वह पूरी होते ही आपको लोन मिल जाता है।

### ब्याज दर

एजुकेशन लोन में ब्याज दरें दूसरी लोन स्कीम के मुकाबले काफी कम होती हैं। बैंक की ब्याज दर सबकी अलग अलग होती हैं। इसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है।

## भारतीयों की पहली पसंद है विदेशों से एजुकेशन हासिल करना

# विदेश में पढ़ाई करना चाहते है तो आपके काम आएंगे यह प्लेटफॉर्म

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने का साधन

देश पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में इससे और अधिक बढ़ने की संभावना है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं।



### ईयूगेटवे



ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। **eugateway.in** पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ□क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। **Studyandworkabroad.in** पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

### विदेश में पढ़ाई करने के फायदे

विदेश में पढ़ाई का विकल्प चुनने से आप दुनिया को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहां आपको नए देशों को पूरी तरह से नई गतिविधियों और रिवाजों को एक्सपीरियंस करने का अवसर मिलेगा। आप जब दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं, तो आपकी यात्रा आपको हर तरह के लोगों के साथ बातचीत करने में मदद करती है, जिससे आपके सोचने का दायरा अलग-अलग हो जाता है। यह विदेश में पढ़ाई करने के शीर्ष लाभ में से एक है। आप विदेश में बेहतर करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। विदेश की कई यूनिवर्सिटीज है जो बेहतर कोर्स के साथ-साथ छात्रवृत्तियां भी देती हैं।



## फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर, मिलेगी अच्छी सैलरी

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

### यह करना होता है काम

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

### क्या है फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा

### कर सकते हैं ये कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में बीएससी और एमएससी कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

### इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

# खुद को जानना, अपनी ताकत, कमजोरियों और मूल्यों को समझना ही असली सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा शब्द है जो हर छात्र के दिल में एक अलग ही जोश और प्रेरणा भर देता है। लेकिन क्या आपने कभी गहराई से सोचा है कि सफलता का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना, एक प्रतिष्ठित नौकरी पाना, या सामाजिक मान्यता प्राप्त करना है? नहीं, असली सफलता इससे कहीं गहरी है। असली सफलता है खुद को जानना अपनी ताकत, कमजोरियों, जुनून, और मूल्यों को समझना। जब आप अपने आप को पूरी तरह समझ लेते हैं, तो जीवन की हर चुनौती आसान लगने लगती है, और आप अपने कौशलों को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने के लिए है, जिसमें हम आत्म-जागरूकता के महत्व, इसके लाभ, और अपने कौशलों को विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## आत्म–जागरूकता : सफलता का आधार

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, रुचियों, और व्यवहार को समझना। यह एक दर्पण की तरह है जो आपको दिखाता है कि आप वास्तव में कौन हैं। जब आप अपने आप को जान लेते हैं, तो आप न केवल अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, बल्कि यह भी समझ पाते हैं कि उन लक्ष्यों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

**सही दिशा का चयन**: आज के समय में छात्रों पर कई तरह के दबाव होते हैं—परिवार की अपेक्षाएँ, सामाजिक मानदंड, या दोस्तों का प्रभाव। आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके लिए क्या सही है। उदाहरण के लिए, अगर आपको विज्ञान में रुचि नहीं है, लेकिन आप संगीत में रुचि रखते हैं, तो आप संगीत को अपने करियर का हिस्सा बना सकते हैं, भले ही समाज में विज्ञान को अधिक महत्व दिया जाता हो।

**आत्मविश्वास का विकास**: जब आप अपनी ताकत को पहचानते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास आपको असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की हिम्मत देता है।

**कमजोरियों को सुधारने का अवसर**: आत्म-जागरूकता आपको अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने और उन पर काम करने की प्रेरणा देती है। उदाहरण के लिए, अगर आपको सार्वजनिक बोलने में डर लगता है, तो आप इस कौशल को बेहतर बनाने के लिए अभ्यास कर सकते हैं।

**बेहतर निर्णय लेना**: जब आप अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों को समझते हैं, तो आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह आपको उन रास्तों से बचाता है जो आपके लिए सही नहीं हैं।

**समय और ऊर्जा की बचत**: जब आप जानते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, तो आप अपना समय और ऊर्जा उन चीजों पर केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको लेखन में रुचि है, तो आप इंजीनियरिंग की किताबों में समय बर्बाद करने के बजाय लेखन कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं।

**तनाव में कमी**: आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आप किन चीजों से तनावग्रस्त होते हैं और उन्हें कैसे प्रबंधित करना है। उदाहरण के लिए, अगर आपको समय प्रबंधन में कठिनाई होती है, तो आप अपने दिन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए टाइम मैनेजमेंट तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

## व्यवस्थित योजना बनाने में सहायक

**सकारात्मक रिश्ते**: जब आप अपने आप को समझते हैं, तो आप दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं। आप जानते हैं कि आपको किन लोगों के साथ समय बिताना पसंद है और कौन से रिश्ते आपके लिए विषाक्त हो सकते हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति में आसानी**: आत्म-जागरूकता आपको अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करने और उनके लिए एक व्यवस्थित योजना बनाने में मदद करती है। इससे आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

**आत्म-मूल्यांकन करें**: एक डायरी बनाएं और उसमें अपनी ताकत, कमजोरियाँ, रुचियाँ, और लक्ष्य लिखें। कुछ सवालों के जवाब ढूँढें: मुझे क्या करने में मजा आता है? मैं किस चीज में स्वाभाविक रूप से अच्छा हूँ? मुझे किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है?

**नए कौशल सीखें**: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे **Coursera**, **Udemy**, या **YouTube** पर उपलब्ध मुफ्त या सशुल्क कोर्सेज का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, अगर आप प्रोग्रामिंग सीखना चाहते हैं, तो **Python** या **Java** जैसे कोर्स शुरू करें। स्थानीय कार्यशालाओं या कक्षाओं में भाग लें, जैसे कि कला, नृत्य, या सार्वजनिक बोलने की कक्षाएँ।

**नियमित अभ्यास करें**: किसी भी कौशल को निखारने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आप लेखन में सुधार करना चाहते हैं, तो रोजाना 10-15 मिनट लिखने का अभ्यास करें। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे कि हर हफ्ते एक नया शब्द सीखना या एक छोटी कहानी लिखना।

**फीडबैक लें** : अपने शिक्षकों, दोस्तों, या परिवार से अपनी प्रगति के बारे में राय लें। वे आपको उन क्षेत्रों के बारे में बता सकते हैं जहाँ आप अच्छा कर रहे हैं और जहाँ सुधार की जरूरत है। रचनात्मक आलोचना को सकारात्मक रूप से लें। यह आपको बेहतर बनाने में मदद करेगी। गलतियों से डरें नहीं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** स्वामी विवेकानंद को 'विवेकानंद' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(ए) महाराजा खेतड़ी ने
(बी) महाराजा बडौदा ने
(सी) रामकृष्ण परमहंस ने
(डी) इनमे से कोई नहीं

**2.** संगीतज्ञ एवं ध्रुपद गायिकी तानसेन को 'कंठाभरणवाणीविलास'' की उपाधि किसने डी थी?
(ए) बाबर
(बी) अकबर
(सी) बैरम खान
(डी) जहाँगीर

**3.** मल्लराज सस्तिपल के महल में मृयु हुयी थी?
(ए) महात्मा बुद्ध की
(बी) महावीर स्वामी की
(सी) स्वामी विवेकानंद की
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?
(ए) बाल गंगाधर तिलक
(बी) दयानन्द सरस्वती
(सी) राजा राममोहन राय
(डी) श्रधानंद

**5.** शिकागो के प्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था ?
(ए) सवामी श्रधानंद ने
(बी) स्वामी विवेकानंद ने
(सी) गोपाल कृष्ण गोखले
(डी) बाल गंगाधर तिलक ने

**6.** बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे ?
(ए) चैतन्य
(बी) रामानंद
(सी) नामदेव
(डी) रामानुज

**7.** किसकी समाधि होने के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिख समुदाय के लिए पवित्र स्थल माना जाता है ?
(ए) गुरु नानक
(बी) गुरु रामदास
(सी) गुरु अर्जुन देव
(डी) गुरु गोविन्द सिंह

**8.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा ग़ालिब कहाँ के मूल निवासी थे ?
(ए) आगरा
(बी) लखनऊ
(सी) दिल्ली
(डी) लाहौर

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(ए)

खबर संक्षेप

## प्रवेश के लिए 29 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे २९ जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु १ मई २०१४ से १ जुलाई २०१६ के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हो। प्रवेश परीक्षा १ दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

## कृष्णा देवी स्कूल में व्याख्यान आयोजित

**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में अपने शरीर को जानिए विषय पर एक जानकारीपूर्ण और शिक्षाप्रद व्याख्यान विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसे डॉ. मोनिका द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत रोचक और लाभकारी बताया। उन्होंने शरीर और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्राप्त की और अपने प्रश्नों के उत्तर भी सरल भाषा में समझे। विद्यालय की निदेशक काजल धायल ने इस प्रकार के व्याख्यानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक सत्र विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।

## खाते से चुराये थे 50 हजार आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** साइबर ठगी के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। काबू आरोपी की पहचान राकेश जाखड़ पुत्र बिजेंद्र, निवासी वार्ड नंबर 12, सिवानी, जिला भिवानी के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में पूर्व में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में तिलक राज पुत्र धर्मवीर निवासी तूर नगर, दमकौरा रोड, टोहाना ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 4 जनवरी को शाम लगभग 5 बजे उसके मोबाइल पर एसबीआई रिवॉर्ड पॉइंट्स से संबंधित एक संदिग्ध मैसेज प्राप्त हुआ। जैसे ही उसने उस मैसेज में दिए गए लिंक को खोला, उसके बैंक खाते से 50 हजार की राशि कट गई।

## सतीश श्री आद्यशक्ति पीठ के संरक्षक नियुक्त

**हिसार।** शक्ति उपासना ट्रस्ट, हरिद्वार की ओर से स्थापित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम की प्रबंधक कमेटी का विस्तार किया गया है। ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर संतोषी माता की अनुमति से जेके इंडस्ट्रीज के मालिक सतीश कुमार को पीठ के संरक्षक की जिम्मेवारी सौंपी गई है। ट्रस्ट के महासचिव एवं आश्रम प्रबंधक कमेटी संयोजक राजमल काजल ने बताया कि इसके साथ ही वरिष्ठ सीए विनोद डालमिया को कमेटी में कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। दोनों नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए राजमल काजल ने कहा कि दोनों के प्रबंधक कमेटी में शामिल होने से 27 अक्तूबर से 5 नवंबर तक होने वाले पीठ के रजत जयंती समारोह को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

## डिपो होल्डरों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** राशन डिपो होल्डर एसोसिएशन की एक बैठक हुई। एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई राशन डिपो होल्डर शामिल हुए और खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रधान कृष्ण कुमार ने कहा कि क्षेत्र के सभी डिपो होल्डर ईमानदारी और निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। जिससे पात्र कार्डधारकों को समय पर राशन मिल रहा है। इसके बावजूद डिपो होल्डरों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें सरकार तक पहुंचाना जरूरी हो गया है। डिपो होल्डरों ने इस ज्ञापन के माध्यम से कई मुख्य मांगें सरसों तेल की बोतल पर 2 रुपये के स्थान पर 10 रुपये कमीशन दिया जाए।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 1396 आए आवेदन

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा कल तैयारियां पूरी : कुलपति

**बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजिकल साइंसिज व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ साइंसिज की होगी प्रवेश परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की 20 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 1396 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं, उनमें से 1213 उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा के लिए योग्य पाया गया। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।



**हिसार।** विश्वविद्यालय का प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन।

**उम्मीदवारों की फोटोग्राफी भी की जाएगी**

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

# नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा

- स्टेथोस्कोप से स्टार्टअप्स तक पर लुवास में सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भविष्य के पशु चिकित्सकों को नवाचार, नेतृत्व और उद्योग-तैयारी के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के परामर्श एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा स्टेथोस्कोप से स्टार्टअप्स तकः पशु चिकित्सा विज्ञान से उद्यमिता की ओर यात्रा पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार जिंदल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कुलपति डॉ. जिंदल ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समय में पशु चिकित्सा क्षेत्र केवल रोगों की पहचान और उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नवाचार, तकनीकी हस्तक्षेप और स्टार्टअप्स के लिए एक उभरता हुआ मंच बन चुका है। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता, डॉ. देवेंद्र डूड्डा, निदेशक (सेल्स एवं टेक्निकल), हुवेफार्मा, दक्षिण-पूर्व एशिया, ने अपने बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा करते हुए पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन के क्षेत्र में उभरते व्यावसायिक अवसरों और स्टार्टअप संभावनाओं पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक पशु-चिकित्सकीय भूमिकाओं से आगे सोचने और नवाचार को अपनाकर उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सफल उद्यम निर्माण के लिए व्यावसायिक दृष्टिकोण, अनुकूलनशीलता, और बहु-विषयी सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशक प्रो. (डॉ.) सज्जन मलिक के पर्यवेक्षण में तथा समन्वयक डॉ. तरुण कुमार के संचालन में किया गया। स्नातकोत्तर अध्ययन के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) मनोज रोज़ तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) गुलशन नारं, ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन डॉ. रेनू गुप्ता, सहायक निदेशक, छात्र कल्याण (परामर्श एवं प्लेसमेंट) द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



**हिसार।** सेमिनार में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्मानित करते वक्ता।

## 10 रुपये का सिक्का चलन में है और कोई भी इसे लेने से मना नहीं कर सकता : विनोद कुमार

**हिसार।** अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार ने कहा है कि 10 रुपये का सिक्का चलन में है और कोई भी इसे लेने से मना नहीं कर सकता। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी करेंसी लेने से मना करने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं जिनमें कुछ दुकानदार या व्यापारी विशेषकर 10 रुपये का सिक्का लेने से मना कर रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न डिजाइन के 10 रुपये के सिक्के जारी किए गए हैं, ये सभी डिजाइन वैध हैं। रिजर्व बैंक अनुसार, वह चलन में सिर्फ उन्हीं सिक्कों को लाता है जो सरकारी टकसाल में ढाले जाते हैं। इन सिक्कों में अलग फीचर्स हैं, ताकि ये आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित कर सकें और इन्हें समय-समय पर पेश किया गया है। फिर भी यदि लोगों को सिक्कों को लेकर कोई भ्रम है तो वह पास के किसी भी बैंक में जाकर उसे चैक करवा सकता है।

# होटल मैनेजर की हत्या में दो गिरफ्तार

- अदालत ने दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्पेशल स्टाफ व अर्बन एस्टेट थाना पुलिस टीम ने होटल मैनेजर पारस की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शहर के क्रांति नगर निवासी मोनू उर्फ फर्राटा व शहर के सिटी गेस्ट हाउस में रहने वाले उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के इमलिया गांव निवासी अभिषेक उर्फ कलोल के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी मोनू उर्फ फर्राटा 20-25 दिन पहले मृतक पारस के होटल में रुका था। कमरे की पेमेंट को लेकर उसका होटल मैनेजर पारस से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते मोनू ने अपने साथी अभिषेक के साथ मिलकर पारस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया।



**हिसार।** पकड़े गए दोनों आरोपी पुलिस टीम के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

# मेजबान डीपीएस स्कूल ने भाषण में मारी बाजी

- डीपीएस में सहोदय अंतरविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सहोदय विद्यालय समूह के तत्वाधान में विचारवीथी : विचारों का प्रवाह पर एक भव्य अंतरविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सहोदय समूह के अध्यक्ष मैथ्यू वर्गिस तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सचिव दिनेश मेहता ने शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में कुल 34 विद्यालयों ने भाग लेकर मंच को वैचारिक ऊर्जा, तार्किक विश्लेषण और प्रभावशाली वक्तव्यों से आलोकित कर दिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विचारों की शक्ति, उनके सामाजिक प्रभाव और उनके माध्यम से परिवर्तन की संभावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल को प्रथम स्थान, सुखराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल कालीरावण को द्वितीय स्थान, ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल को तृतीय स्थान तथा साझा रूप से सांत्वना पुरस्कार डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, द रेडियंस स्कूल अग्रोहा, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल भिवानी रोहिल्ला को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने हिंदी विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दी तथा कहा कि विचार हमारे व्यक्तित्व का आइना होते हैं। मंच पर रखा गया प्रत्येक विचार आने वाले समाज की दिशा तय करता है।



**हिसार।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

# टीटीसी और एस्कॉर्ट्स कुबोटा के बीच एमओयू

- युवाओं को मिलेगा रोजगार और किसानों को मिलेगी बेहतर तकनीकी सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

देश के कृषि यंत्र क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत शुक्रवार को उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी ) और विश्वस्तरीय ट्रैक्टर निर्माता कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह समझौता कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण व आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि देश के हजारों युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा। इस आयोजन में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की ओर से 20 से अधिक वरिष्ठ प्रतिनिधियों में प्रशिक्षण प्रमुख शमशेर अख्तर और उप प्रशिक्षण प्रमुख हर्षवर्धन पाटिल समेत अन्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने समझौता ज्ञापन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सहयोगात्मक प्रयास आने वाले समय में न केवल युवाओं को कुशल बनाएगा बल्कि देश की कृषि रीढ़ को और अधिक सशक्त बनाएगा। यह समझौता कौशल, सेवा और समृद्धि की त्रिवेणी को साकार करने वाला है।



**हिसार।** एमओयू के मौके पर उपस्थित टीटीसी के निदेशक डॉ. मुकेश जैन व एस्कॉर्ट्स कुबोटा के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

**समझौते के प्रमुख उद्देश्य**

बेरोजगार युवाओं को ऑन-जॉब प्रशिक्षण देकर उन्हें कृषि यंत्र उद्योग के लिए मैनपावर के रूप में तैयार करना। एस्कॉर्ट्स कुबोटा के इंजीनियरों, डीलर मैकेनिकों एवं तकनीशियनों को उनके उत्पादों के उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण से लैस करना, ताकि किसानों को समय पर उचित सेवा मिल सके। संस्थान में 30-45 दिन का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, जो आईटीआई डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग छात्रों को सीधे रोजगार से जोड़ने में सक्षम होगा।

# ग्रामीणों ने ढाणी कुतुबपुर के जलघर पर जड़ा ताला

- पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीण एसडीओ और जेई को चाबी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

निकटवर्ती गांव ढाणी कुतुबपुर में ग्रामीणों ने पीने के पानी की किल्लत के चलते शुक्रवार सुबह गांव के जलघर को ताला जड़ दिया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा उसके बाद ग्रामीणों ने हांसी कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंच एसडीओ आशीष कुंडू तथा जेई मोहित कुमार को जलघर पर लगाए गए ताले की चाबी व कार्यकारी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के जलघर में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई एक मोटर पिछले 10 दिनों से तथा एक मोटर पिछले 5 दिनों से जली हुई है। जिसके कारण उनके गांव में पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की सप्लाई नही आ रही है। गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को काफी परेशानियों व कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनके गांव के जलघर में पिछले करीब 10 सालों से फिल्टर नहीं लगाए गए है जिसके कारण हमारे घरों में दूषित व मिट्टी युक्त पेयजल सप्लाई आती है। जलघर में फिल्टर लगाने के लिए जेई मोहित कुमार को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हैं।



**हांसी।** ढाणी कुतुबपुर में जलघर पर ताला जड कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## पर्यावरण को बचाना हम सभी का फर्ज : सुमन ढाका



**हिसार।** एक पेड़ मां नाम कार्यक्रम के तहत गांव किरतान में पौधरोपण किया गया। मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से करवाए गए कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल हॉस्टल वार्डन सुमन ढाका मुख्य अतिथि थी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां नाम अभियान प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया है। आज पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के लिए हर व्यक्ति की जिम्मेवारी है और सभी को अपना फर्ज निभाना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षित होगा तो आने वाली पीढ़ी को भी हम सुरक्षित बना पाएंगे। मानवीय जीवन में भौतिक चीजों की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों और प्रकृति को नुकसान पहुंच रहा है। इस तरह से पर्यावरण बिगड़ता है जिसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। ऐसे में इसके प्रति सभी जागरूक हों और आज की युवा पीढ़ी को भी इसके लिए जागरूक करें।

### सिडनी यूनिवर्सिटी संग कोलेब्रेटिव डिग्री प्रोग्राम संचालित करेगा गुजवि

# आस्ट्रेलिया के डेलिगेशन ने किया गुजवि का दौरा

- गुजवि और डब्ल्यूएसयू के बीच एमओयू होगा : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है। विश्वविद्यालय अब आस्ट्रेलिया के विश्व प्रतिष्ठित वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के साथ मिलकर कोलेबोरेटिव डिग्री प्रोग्राम संचालित करेगा।

इसके लिए गुजवि और डब्ल्यूएसयू के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) होगा। डब्ल्यूएसयू के डेलीगेशन ने गुजवि का दौरा किया। इस डेलिगेशन ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा डीन व डायरेक्टर्स के साथ बैठक कर इस एमओयू की रूपरेखा तैयार की। इस डेलिगेशन में डब्ल्यूएसयू के रिसर्च डायरेक्टर डा. सिंधू तथा साउथ इस्ट एशिया रीजनल डायरेक्टर डा. नम्रता आनंद शामिल रहे। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने एमओयू की रूपरेखा के बारे में गुजविप्रौवि का पक्ष रखा, जबकि कुलसचिव डा. विजय कुमार ने गुजविप्रौवि के बारे में जानकारी दी। डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि एमओयू को लेकर दोनों संस्थानों में सैद्धांतिक रूप से सहमति बन गई है।



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के साथ मुलाकात करते डब्ल्यूएसयू के डेलिगेशन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**विद्यार्थियों की थ्योरी कक्षाएं गुजवि में लगेंगी**

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ विश्वविद्यालय का कोलेब्रेटिव डिग्री कोर्स संचालित करने का यह पहला एमओयू होगा। कोलेब्रेटिव डिग्री कोर्स विज्ञान, प्रबंधन तथा अभियांत्रिकी संकायों में संचालित किए जाएंगे। कोलेबोरेटिव डिग्री करने वाले विद्यार्थियों की थ्योरी कक्षाएं गुजवि में लगेंगी, जबकि रिसर्च के लिए ये विद्यार्थी डब्ल्यूएसयू जाएंगे। एमओयू की रूपरेखा की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

खबर संक्षेप

### डॉग स्क्वाड टीम के साथ चलाया सर्च अभियान

**हांसी।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शुक्रवार सुबह 5 से 8 बजे तक नशा तस्करों को पकड़ने और नशीले पदार्थों की बरामदगी के लिए शहर थाना क्षेत्र की राम सिंह कॉलोनी, ऑटो मार्केट व चार कुतुब गेट पर डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेकों जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की।
इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो, लेकिन कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

### पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**हांसी।** महिला पुलिस की जागरूकता टीम ने शुक्रवार को एकता पब्लिक स्कूल की छात्र-छात्राओं व स्टाफ को साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच व ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। महिला थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सरोज ने स्कूल की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस, नशा मुक्ति, डायल 112 बारे जानकारी देकर जागरूक किया गया। स्कूल में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ मेंबर को डायल 112 ऐप का उचित प्रयोग करने बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि वे किसी भी मुसीबत के समय पुलिस की सहायता प्राप्त कर सके। इस अवसर पर उन्होने ने छात्राओं को आत्म रक्षा के तौर तरीके भी सिखाए गए।



### शहर थाने में त्रिवेणी लगा दिया पर्यावरण का संदेश

**हांसी।** पर्यावरण संरक्षण हेतु शहर थाना परिसर में शुक्रवार को शहर थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सदानंद वत्स व थाना में तैनात पुलिस कर्मचारियों ने पीपल, बरगद, नीम (त्रिवेणी) पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सदानंद ने कहा कि त्रिवेणी पौधा न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

## कुलेरी में किसानों ने किया प्रदर्शन

# खाद कमी व अन्य समस्याओं को लेकर फूंका सरकार का पुतला

किसानों के अनुसार यह अभियान 20 जुलाई तक पूरे प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा है



**हिसार।** प्रदर्शन करते पुतला फूंकते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। इसी के चलते शुक्रवार को अग्रोहा क्षेत्र के गांव कुलेरी में किसानों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर चलाए जा रहे सरकार के पुतले जलाओ अभियान के तहत किया गया।

किसानों के अनुसार यह अभियान 20 जुलाई तक पूरे प्रदेश में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण उन्हें समय पर यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी खाद नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। खाद की कमी से किसान गहरी चिंता में हैं और उनकी आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की कुलेरी इकाई ने सरकार को चेतावनी दी, कि यदि शीघ्र खाद वितरण की ठोस और पारदर्शी व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। किसानों ने घोषणा की, कि आगामी 21 जुलाई को ब्लॉक कार्यालय में एक मांग पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें बढ़े हुए बिजली बिल, नशाखोरी, बढ़ती गुंडागर्दी अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

प्रदर्शन में रमेश नैन, भूप डूडी, रामकुमार धुंधवाल, रामकुमार सिवाच, देवीलाल जाखड़, रामस्वरूप सिवाच, सूरज धुंधवाल, गुलाब धुंधवाल, अशोक जाखड़, सतीश डूडी सहित ग्राम कुलेरी के अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया। किसान संघर्ष समिति ने सरकार से मांग की, कि खाद वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध करवाई जाए।

# मोक्ष वृद्धाश्रम में धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव, पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित तीज महोत्सव व हरियाली तीज संकीर्तन में उपस्थित गणमान्य लोग एवं बुजुर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

मोक्ष वृद्धाश्रम में तीज महोत्सव व हरियाली तीज संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व सुनीता सातरोडिय़ा की मंडली ने भजनों व गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। भजनों के बीच बार-बार तीज की बधाई हो के उदघोष से पूरा मोक्ष वृद्धाश्रम गुंजायमान हो उठा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर ने बुजुर्ग महिलाओं को मालाएं व चूडिय़ा पहनाकर और हाथों पर मेहंदी लगाकर तीज की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तीज-त्योहार से बुजुर्गों में नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में श्रीकृष्ण व राधा के विग्रह को विराजमान करके और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए हरियाली तीज संकीर्तन की शुरूआत की गई। सावन की सबको बधाई श्री राधा रानी झूलन को आई, जब कोई नहीं आता मेरे श्याम आते हैं, जय राधा रमण और ये तो प्रेम की बात है उधो बंदगी तेरे बस की बात नहीं सहित कई भजनों से माहौल को बना दिया।

# अमरनाथ यात्रियों के लिए लगाए भंडारे में रोजाना आ रहे हजारों यात्री

■ शिव सेवक मंडल का भंडारा 9 अगस्त तक चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** अमरनाथ भंडारे में भोजन ग्रहण करते अमरनाथ यात्री।

शिव सेवक मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 14वां विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में तीन जुलाई से सुचारु रुप से चल रहा है। 15 दिनों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु भंडारा शिविर में आकर जलपान, भोजन, चिकित्सा, विश्राम आदि की सुविधा ले चुके हैं। हिसार से गए सेवादार विजय गावडिय़ा, राजेन्द्र गावडिय़ा, यश नागपाल, डॉ. गौरव मुंजाल, डीके मित्तल, बॉबी मल्होत्रा, दिनेश सरदाना, करण शर्मा, जनक बेरीवाल, नीरज ढींगड़ा, अशोक सेहरा, राजुल नागपाल, प्रणव गेरा, जगसेर सिंह, गुड्डू मल्होत्रा व अन्य साथी अमरनाथ यात्रियों की सेवा में दिन-रात लगे हुए हैं। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल व सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि भंडारे में रोजाना तीन से चार हजार श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं। यह भंडारा 9 अगस्त तक चलेगा।

# एचकेआरएन में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


**नारनौंद।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपित युवक।

खेड़ी चौपटा पुलिस ने एचकेआरएन में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक को छह लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित युवक की पहचान जयबीर निवासी रागखेड़ा (कंडेला) के रूप में हुई है।

नारनौंद पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा के एसआई अनिल कुमार ने बताया कि आरोपित युवक ने वर्ष 2024 में सुनील निवासी कापड़ो व राजेश और मोहित निवासी खेड़ी लोहचब से एचकेआरएन में नौकरी लगवाने के नाम पर छह लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। इसके खिलाफ थाना नारनौंद में मामला दर्ज हुआ था। खेड़ी चौपटा पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक जयबीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसको न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे गहनता से पूछताछ की जाएगी कि उसने नौकरी लगवाने के नाम पर कहीं और से भी पैसे न लिए हो।


**हिसार।** छात्राओं को जानकारी देते पुलिस टीम।

### पुलिस ने छात्राओं को महिला सुरक्षा की जानकारी दी

**हिसार।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला समर्पित पुलिस टीम ने गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्यनगर में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, आत्म सुरक्षा के उपायों, महिलाओं के लिए बने विशेष कानूनों एवं डायल 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला मुख्य सिपाही किरण ने छात्राओं को बताया कि कैसे वे किसी भी संकट की स्थिति में डायल 112 का उपयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही, उन्हें आत्म-सुरक्षा से संबंधित व्यवहारिक टिप्स और कानूनी अधिकारों की भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही दुर्गा शक्ति पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में निगरानी की तथा सार्वजनिक स्थलों पर छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े उपायों के प्रति जागरूक किया।

# पुलिस ने छात्रों को नशे और साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूक किया

■ गांव बास में मर्डर के बाद पुलिस ने चलाया अभियान, बच्चों को सिखा रहे पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


**नारनौंद।** गांव बास के स्कूल में छात्रों को जागरूक करते हुए थाना प्रभारी मनदीप सिंह।

गांव बास के एक स्कूल में छात्रों ने प्रिंसिपल की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद लगातार स्कूल में सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की तैनाती की हुई है। इसी कड़ी में बास थाना प्रभारी मन्दीप कुमार ने स्कूल के छात्रों व स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमो के प्रति जागरुक किया। घटना के बाद पुलिस लगातार इस स्कूल के बाहर सुरक्षा भी दे रही है और स्कूल के छात्रों को लगातार जागरूक करने का काम कर रही है। बास थाना प्रभारी मनदीप सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ मेंबर व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमे ट्रैफिक नियमों की पालना भी करनी होगी। हम सब यातायात नियमों की पालना करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते है। वाहन चलाते समय नियमो का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गोलमाल का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला


**बरवाला।** एसडीएम बरवाला के नाम दरखास्त सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

गांव पाबड़ा और किनाला के प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लोगों ने एसडीएम बरवाला के नाम दरखास्त सौंपकर पात्र लोगों की लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने की गुहार लगाई है। इन लोगों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी मापदंडों को पूरा करते हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गरीब लोगों को योजना का लाभ नहीं दे रहे हैं। मौके पर मौजूद राजबीर पाबड़ा ने बताया कि सुनीता गांव पाबड़ा जॉब कार्ड आईडी संख्या 32529 के मकान की अनुदान राशि किसी अन्य महिला को दे दी गई है और मीना गांव पाबड़ा जॉब कार्ड आईडी संख्या 23290 मकान की अनुदान राशि किसी अन्य महिला को दे दी गई है। इन पात्र लोगों ने अपनी दरखास्त में बताया है कि वे बीपीएल कार्ड धारक हैं और उनके मकान जर्जर और खस्ता हालत में हैं। उनके पास कोई जमीन जायदाद अथवा आमदनी का कोई साधन नहीं है और वे खुले दिहाड़ीदार मजदूर हैं, और पूरे महीने में मुश्किल से 10-12 दिन ही काम मिल पाता हैं। अखिल भारतीय खेत मजदूर के जिला संयोजक रोहतास राजली ने आरोप लगाया कि यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

### ऑनलाइन घर बैठे काम के नाम पर की थी 3.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी, पुलिस ने पकड़ा


**हांसी।** धोखाधड़ी करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन घर बैठे काम दिलाने के नाम पर 3 लाख 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान जोधपुर जिले के गांव लवा मेंघो वाले ढाणियां थेड़िया निवासी पुखराज के रूप में हुई है।
साइबर क्राइम थाना हांसी में तैनात मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2024 में गुराना निवासी प्रदीप कुमार को घर बैठे जॉब के लिए वाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपनी कंपनी देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड के बारे में बताकर एप्लीकेशन के द्वारा 2200 से 6500 रुपये प्रतिदिन कमाने का लालच देकर, कंपनी के कुछ खाने के आर्डर बुक करने के बहाने, रोजाना कमीशन प्राप्त होने बारे आनलाइन काम करने पर 16 नवंबर 24 को 1000 रुपये का कमीशन खाता में डालकर, ऑनलाइन टास्क पूरा करने के बहाने, कमीशन न देने के बहाने कुल 3,90,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपये बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने सात बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा से भेजा अयोध्या

■ अब तक 52 बुजुर्गों ने किए रामलला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** अग्रसेन भवन में बुजुर्गों को हवाई टिकटें प्रदान करते ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला। *फोटो : हरिभूमि*

अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने अब तक 52 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा के अपने संकल्प के तहत अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजने का कार्य किया है। इसी कड़ी में आज आठवीं बार सात और बुजुर्गों को अयोध्या के लिये भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में मदनलाल, शशि बाला, राजकुमार, रजनी रानी, रेखा अग्रवाल, नियति अग्रवाल व सरोज देवी शामिल है। इससे पहले सात सप्ताह में 52 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है।ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहनों द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वा या गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने सभी यात्रियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बुजुर्गों के लिये अयोध्या में रहने, खाने-पीने व मंदिरों के दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई है।

## समाधान शिविर में शिकायतों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# 7313 शिकायतों में से 3696 का समाधान, 176 लंबित

■ बैठक में बताया गया कि 169 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुन: खोली गई हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित नगराधीश हरिराम व अन्य अधिकारी।

आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान अब तक जिला हिसार में कुल 7313 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1663 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई हैं और 3696 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। 176 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं तथा 169 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई हैं। शुक्रवार को एसीएस विजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के बाद नगराधीश हरिराम ने यह जानकारी दी।

इस अवसर पर नगराधीश ने विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान करने उपरांत एक्शन टेकन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

बैठक में नगर निगम के एएमसी प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, नोडल अधिकारी डॉ सुभाष खतरेजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को हिसार शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं
आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रात: 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9253681005, 9653530207

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षो का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar